**Regarding problem of sugarcane farmers in UP**

श्री आनंद भदौरिया (धौरहरा) : सभापति महोदय, मैं पूरे सदन को और देशवासियों को होली की बधाई देते हुए कहना चाहता हूँ कि उत्तर प्रदेश का जो बदहाल गन्ना किसान है, जो पूरे देश को मिठास देता है, उसकी होली फीकी होने जा रही है । खाद की कीमत बढ़ गई, सिंचाई की कीमत बढ़ गई और मज़दूरी की कीमत कई गुना बढ़ गई, घटतौली का अलग से किसान सामना कर रहा है । उधर चीनी मिल मालिक लगातार फैक्ट्री पर फैक्ट्री लगाते जा रहे हैं । जब समाजवादी पार्टी की हुकूमत उत्तर प्रदेश में थी, माननीय अखिलेश यादव जी ने गन्ने की कीमत काफी बढ़ाई थी । जब एक बार अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में चीनी की कीमत गिर गई थी, तब भी सरकारी खजाने से किसानों को पैसा देने का काम किया था । पिछले कई सालों में गन्ने की कीमत नहीं बढ़ाई गई, इसलिए मैं माँग करता हूँ कि किसानों को पांच सौ रुपये प्रति क्विंटल गन्ने की कीमत देने का काम किया जाए ।